हादसा

निर्माणाधीन भवन में काम के दौरान हादसा

33 केव्ही लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुधार न्यास कॉलोनी में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय दिनेश केवट निर्माणाधीन बिल्डिंग में लोहे की सरिया लेकर आगे-पीछे आ-जा रहा था। इसी दौरान सरिया का ऊपरी हिस्सा पास से गुजर रही 33 केवी हाईटेंशन लाइन से छू गया। संपर्क होते ही तेज करंट प्रवाहित हुआ और मजदूर करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से संतुलन बिगड़ने पर वह ऊपरी मंजिल से नीचे सड़क पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान दिनेश केवट (35 वर्ष), पिता कुंजीलाल केवट, निवासी धपई क्षेत्र, माधवनगर के रूप में हुई है।

अस्पताल में किया मृत घोषित

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर हाईटेंशन विद्युत लाइनों के समीप कार्य कर रहे मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्लेटफार्म से लेकर सर्कुलेटिंग एरिया तक बदहाली

- 140 से अधिक ट्रेनों वाले जंक्शन पर सफाई व्यवस्था फेल
- स्टेशन की गंदगी से हजारों यात्रियों की सेहत से खिलवाड़

नवभारत,कटनी। कटनी रेलवे स्टेशन जबलपुर मंडल का प्रमुख जंक्शन है, जहां से प्रतिदिन 140 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं और हजारों यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन पर कुल छह प्लेटफार्म हैं और यह क्षेत्रीय ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके बावजूद स्टेशन के अंदर और बाहर फैली गंदगी रेलवे प्रशासन और ठेका सफाई व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर कर रही है।

प्लेटफार्म पर कचरे के ढेर

स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-02 सहित अन्य प्लेटफार्मों पर जगह-जगह कचरा फैला हुआ देखा जा सकता है। डस्टबिन के बाहर कचरे के ढेर यह दर्शाते हैं कि इन्हें समय पर खाली नहीं किया जा रहा। यात्रियों द्वारा फेंका गया कचरा घंटों तक यूं ही पड़ा रहता है, जिससे दुर्गंध फैलती है और संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। प्लेटफार्मों पर साफ-सफाई के दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं।

टिकटघर के सामने डस्टबिन नहीं

कटनी रेलवे स्टेशन के प्रवेशद्वार पर स्थित टिकटघर के सामने बड़ी संख्या में यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है, जहां रोज सैकड़ों लोग ट्रेन का इंतजार करते हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी बैठक व्यवस्था के आसपास एक भी डस्टबिन उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में यात्री खाने-पीने के बाद कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र गंदगी से पट जाता है।

स्टेशन परिसर में फैली अव्यवस्था

स्टेशन परिसर के भीतर फुटपाथ, दीवारों के किनारे और दुकानों के आसपास कचरा जमा रहता है। इससे यात्रियों को असुविधा होती है और स्टेशन की छवि भी खराब हो रही है। बाहर से आने वाले यात्रियों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

सर्कुलेटिंग एरिया में दुर्गंध

स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। विशेषकर बरही रोड की ओर बने प्रवेशद्वार के समीप गंदगी और दुर्गंध से यात्रियों, ऑटो-टैक्सी चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

कचरा घर है, पर व्यवस्था बदतर

रेलवे प्रशासन ने सर्कुलेटिंग एरिया में कचरा घर बनाया है, लेकिन उसका समुचित प्रबंधन नहीं हो रहा। कचरा घर के आसपास कचरा बिखरा रहता है और कई बार खुले में कचरा जलाया भी जाता है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। खुले में कचरा जलाना नियमों का खुला उल्लंघन है, फिर भी इस पर कोई सख्त कार्रवाई नजर नहीं आती।

बाकल पुलिस ने गुमशुदा 17 वर्षीय बालिका को सकुशल किया बरामद

- अहमदाबाद (गुजरात) से दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द, चेहरे पर लौटी मुस्कान

नवभारत, बाकल। थाना बाकल पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुई 17 वर्षीय बालिका को सकुशल तलाश कर परिजनों को सौंप दिया है। बालिका के मिलने से परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 12 जनवरी 2026 को प्रार्थी द्वारा थाना बाकल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से निकल गई है और शाम तक वापस नहीं लौटी। रिपोर्ट पर थाना बाकल में अपराध क्रमांक 23/26, धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में चला विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन में थाना बाकल पुलिस द्वारा गुमशुदा/अपहृत बालिका की तलाश हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूत्रों के आधार पर पतारसी करते हुए बालिका को अहमदाबाद (गुजरात राज्य) स्थित छात्रावास से सकुशल दस्तयाब किया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, सउनि बी.एम. चौधरी, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, आरक्षक रोहित सिंह, महिला आरक्षक रक्षा साहू, आरक्षक रोशनी पटेल, कमलकांत, राजभान, सूरलाल उईके तथा सायबर सेल से आरक्षक सतेन्द्र सिंह सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ग्राम पंचायत पौड़ी कला बी में नालियां गंदगी से अटी, सफाई के नाम पर लगे बिलों पर सवाल

नवभारत, उमरियापान। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पौड़ी कला बी में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। गांव की अधिकांश नालियां गंदगी, कीचड़ और कचरे से भरी पड़ी हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि पंचायत रिकॉर्ड में समय-समय पर नालियों की सफाई के नाम पर लाखों रुपये के बिल लगाए जा चुके हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में तो सफाई कार्य दिखाया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। नालियों की वर्षों से समुचित सफाई नहीं हुई, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति बन जाती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कार्य केवल कागजों तक सीमित है और संबंधित कर्मचारियों व जिम्मेदारों की मिलीभगत से फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर नालियां पूरी तरह जाम हैं, लेकिन सफाईकर्मियों की कोई नियमित व्यवस्था नहीं दिखाई देती।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम पंचायत पौड़ी कला बी में हुए सफाई कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, नालियों की तत्काल सफाई कराकर गांव को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए।

महिला कांग्रेस ने चलाया मनरेगा बचाओ संग्राम

नवभारत,कटनी। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महिला कांग्रेस की नेत्री सौम्या राँधेलिया द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम मुहीम के तहत कटनी जिले कि मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र कन्हवारा एवं पौंडी मे ग्रामीणों जनो के बीच जाकर मनरेगा बचाओ अभियान से जुड़ने हेतु निवेदन किया गया।

शहर में निकली भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से गूंज उठा नगर

- इन्द्रेश उपाध्याय महाराज की श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व ऐतिहासिक शोभायात्रा

नवभारत,कटनी। धार्मिक आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम शनिवार को कटनी नगर में उस समय देखने को मिला, जब प.पू. पं. इन्द्रेश उपाध्याय महाराज की अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व नगर भव्य, ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई। यह दृश्य कटनी के धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित यह विशाल कलश यात्रा सिद्ध पीठ श्री श्री 1000 दक्षिण मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ हुई। मंदिर परिसर में विधिविधान से पूजन-अर्चन के पश्चात श्रद्धालु महिलाओं को कलश प्रदान किए गए। सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं, सिर पर कलश और मुख पर श्रद्धा का तेज—पूरी यात्रा के दौरान आस्था का जीवंत स्वरूप बनी रहीं। कलश यात्रा में परम पूज्य अनंत श्री विभूषित इन्दिरारमण स्वामी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सर्वप्रथम दक्षिण मुखी बड़े हनुमान मंदिर में प्रभु की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर के सेवादारों द्वारा स्वामी जी की आरती कर उनका अभिनंदन किया गया। सुसज्जित बग्गी में विराजमान स्वामी महाराज ने शोभायात्रा की भव्यता को और अधिक दिव्यता प्रदान की।

यात्रा जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी, पूरा नगर हरि नाम और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, आरती उतारकर और शंख-नाद के साथ इस ऐतिहासिक कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। हाथों में लहराते धार्मिक ध्वज, भक्ति गीतों पर थिरकते श्रद्धालु और अनुशासित पंक्तियों में चलती हजारों की भीड़—यह दृश्य कटनी ने पहले कभी नहीं देखा था।

यह कलश यात्रा न केवल श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से ऐतिहासिक रही, बल्कि इसकी लंबाई, भव्यता और अनुशासन ने इसे शहर की अब तक की सबसे विशाल कलश यात्रा बना दिया। हजारों पुरुष श्रद्धालु, युवा, बुजुर्ग एवं मातृशक्ति की सहभागिता ने इसे एक विराट आध्यात्मिक आयोजन का स्वरूप प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि श्री रंगनाथ सेवा समिति, रंगनाथ नगर कटनी के तत्वावधान में 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाला यह भुवन पावनी श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव नगर एवं जिले के लिए गौरव का विषय है। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा व्यास प.पू. पं. श्री इन्द्रेश उपाध्याय महाराज (श्रीधाम वृंदावन) अपनी ओजस्वी, सरस और भावपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री रंगनाथ हनुमान मंदिर के पीछे, रंगनाथ नगर (साउथ स्टेशन के पास) विशाल एवं सुव्यवस्थित पंडाल में किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन 20 से 30 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड, पेयजल एवं स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है।

श्रद्धालुओं के लिए 9 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, वहीं भक्तिपथ यूट्यूब चैनल के माध्यम से कथा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के भक्त इस पुण्य आयोजन से जुड़ सकेंगे। यह भव्य कलश यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव न केवल कटनी को भक्ति का केंद्र बना रहा है, बल्कि नगर की आध्यात्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध हो रहा है। श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता का यह संगम आने वाले वर्षों तक कटनीवासियों की स्मृतियों में अमिट रहेगा।

उपसरपंच की पहल से मिली मासूम मयंक को पुन : रोशनी

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना कटनी की टीम का सराहनीय योगदान

नवभारत, उमरियापान। ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम बिछिया निवासी राहुल चौधरी का 4 वर्षीय पुत्र मयंक चौधरी जो कि आंगनवाड़ी का छात्र है,पिछले कुछ सालों से नेत्र रोग से पीड़ित था,जिसके परिणाम स्वरूप उसकी आंखों की रोशनी दिन प्रतिदिन कम होती जा रही थी और लगभग दिखना बंद हो गया था। जिसकी जानकारी ह्ल्ह्लद्यद्म टीम की डॉक्टर इशरत जहां ने उस बच्चे की लगातार जांच कर रही थी। ग्राम के उपसरपंच विराट पाण्डेय को दी और बताया कि उनके माता पिता से कई बार अस्पताल लाने का अनुरोध किया लेकिन लापरवाही के चलते नहीं ला रहे, इसके बाद उपसरपंच द्वारा उस बच्चे के अभिभावकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान लेकर गए और नेत्र परीक्षण कराया जिसमें डॉक्टरों ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से मासूम बच्चे की आंखों की रोशनी को बचाया जा सकता है, जिस पर संज्ञान लेते हुए बीएम ओ बी के प्रसाद ने तत्काल योजना की टीम को निर्देशित करते हुए परीक्षण के लिए कटनी भेजा, वहां मैनेजर संदीप झारिया, डॉक्टर इशरत जहां ने सराहनीय कार्य करते हुए मयंक की समस्त जांचे की और बिना देरी किए प्रकरण तैयार कर ऑपरेशन हेतु जबलपुर स्थित देवजी नेत्र अस्पताल भेजा,जहां डॉक्टर पवन स्थापक द्वारा बच्चे की आंख का सफल ऑपरेशन कर आंखों की रोशनी बचाई। उपसरपंच विराट पाण्डेय और ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान के बीएम ओ डॉक्टर बी के प्रसाद, डॉक्टर इशरत जहां, सोनेलाल चक्रवर्ती और टीम को धन्यवाद दिया।

महनेर गांव में दो विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने विधायक ने अधीक्षण अभियंता को लिखा पत्र

नवभारत, उमरियापान। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत महनेर में 100 के, वी, के दो कृषि विधुत ट्रांसफार्मर लगाने विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा।

उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं को हल करने और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारी को पत्र लिखकर 100 चङ्क के दो नए कृषि विधुत ट्रांसफार्मर का प्राक्कलन तैयार करने का कष्ट करें।

जिससे गांव में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो और कृषि पंपों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो। विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विधुत अधीक्षण अभियंता से शीघ्र ही ग्राम पंचायत महनेर में 100चङ्क के दो नए विधुत ट्रांसफार्मर का प्राक्कलन तैयार करने एवं की गई कार्यवाही से कार्यालय ग्राम पंचायत महनेर को अवगत कराएं।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी नकदी व जेवरात पर हाथ साफ



नवभारत,कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती स्थित संत नगर क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार संत नगर निवासी सरदार जॉनी सिंह अपने परिवार के साथ अमृतसर दर्शन हेतु गए हुए थे। आज सुबह जब वे वापस कटनी लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। बताया गया कि अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित नगद रकम चोरी कर ली।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल चोरी गए सामान की कुल कीमत का आंकलन नहीं हो सका है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

निविदा विज्ञप्ति

ग्राम वन समिति लालपुरा वनमण्डल कटनी (सामान्य) के अन्तर्गत अनुमानित 1500 बाँस भिर्रो की सफाई / कटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसकी खुली बोली स्थल ग्राम अमगवां बीटगार्ड आवास गुरजी में दिनांक 03.02.2026 को प्रात: 11:00 बजे आयोजित की जानी है।

उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक बाँस भिर्रा सफाई / कटाई का अनुभव रखने वाले अनुभव दस्तावेजों सहित वनरक्षक आवास गुरजी (स्थल अमगवां) में दिनांक 03.02.2026 को प्रात: 11:00 बजे आमंत्रित है।

अध्यक्ष
ग्राम वन समिति लालपुरा

गंदगी, कीचड़ और बीमारियों के साए में जीने को मजबूर ग्रामीण

- गाताखेड़ा में बदहाली की तस्वीरें

नवभारत,बाकल। एक ओर जहां केंद्र सरकार और राज्य शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव स्वच्छता के दावे किए जा रहे हैं, वहीं कटनी जिले की बहोरीबंद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहुंटा का पोषक गांव गाताखेड़ा तथा उससे जुड़ी बस्तियां शांति नगर और कॉलोनी आज भीषण गंदगी, जलभराव और अव्यवस्था की मार झेलने को मजबूर हैं।

गांव की सड़कों पर जगह-जगह जमा गंदा पानी, कीचड़ और कचरे के ढेर न केवल आवागमन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि यह स्थिति ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेहनतकश आबादी, मगर मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव की लगभग 70 प्रतिशत आबादी खेतिहर मजदूरों की है, जबकि शेष छोटे किसान हैं। दिन-रात मेहनत कर परिवार पालने वाले ये लोग आज मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गांव में न तो पक्की नालियों की व्यवस्था है और न ही नियमित सफाई।

घर-घर मच्छर, भोजन तक पहुंच रही गंदगी

ग्रामीणों का कहना है कि रुका हुआ गंदा पानी मच्छरों और मक्खियों का स्थायी अड्डा बन चुका है। हालत यह है कि मच्छर-मक्खियां सीधे घरों और भोजन तक पहुंच रही हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

बरसात से पहले ही बिगड़े हालात

स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या केवल बरसात तक सीमित नहीं है, बल्कि साल भर यही हालात बने रहते हैं। थोड़ी-सी बारिश या पानी की आवक होते ही सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं। कई बार बच्चे और बुजुर्ग कीचड़ में फिसलकर गिर चुके हैं।

कौन लेगा जिम्मेदारी

गांव की इस दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका सीधा सवाल है कि जब हालात इतने बदतर हैं तो जिम्मेदार अधिकारी कहां हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर सरपंच और सचिव की लापरवाही साफ नजर आ रही है। सफाई, नाली और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं, उच्च अधिकारी एसी कमरों में बैठकर कागजी रिपोर्टों से ही संतुष्ट नजर आते हैं।

गरीबों की आवाज दबकर रह गई

खेतिहर मजदूरों और गरीब परिवारों की शिकायतें बार-बार की गईं, लेकिन न तो कोई स्थायी समाधान निकला और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई हुई। इससे ग्रामीणों में निराशा और रोष गहराता जा रहा है।

स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

यदि समय रहते सफाई, जलनिकासी और सड़क सुधार के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाया जाए,नालियों और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए,जिम्मेदार अधिकारियों व पंचायत पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इन तस्वीरों और ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेता है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024